# जगह जगह बन गए डंपिग जोन, कचरा उठाने की जगह लगा रहे आग

**नीमच। शहर-शहर गांव-गांव में स्वच्छता को लेकर कचरे के उठाव की प्रक्रिया सरकारी स्तर पर संचालित है, लेकिन शहर में जलता कचरा लगातार वातावरण को प्रदूषित कर रहा है। शहर में जगह जगह कचरा डपिंग जोन बने हुए है, जिसमें आग की लपटो के साथ धुंआ उड़ता दिखाई देना आम है।सडकों के किनारे लगे कचरे के ढेर सफाई व्यवस्था की पोल खोल रहे है।**





इसके अलावा बडे नालों में फेंके गए कचरे की बदबू से निजात पाने के उद्देश्य से लोग इसमें आग लगा रहे हैं। लेकिन इन कचरे में लगाए गए आग से निकलने वाला धुआं शहर की हवा में जहर घोल रहा है। इस पर नियंत्रण की दिशा में कोई पहल प्रशासनिक स्तर पर नहीं हो रही है। यही हाल रहा तो जल्द हवा इस कदर प्रदूषित हो जाएगी जिसमें सांस लेना भी मुश्किल हो जाएगा। शहर के प्रमुख बडे नाले शिवघाट से लेकर रावण रुंडी डेम तक एवं संजीवनी तालाब से लेकर रावण रुंडी डेम के नाले के किनारे काफी मात्रा में कचरा जमा हो रहा है अब जब फेंके गए कचरे से दुर्गंध आने लगी तो उसे जलाकर हवा को प्रदूषित करने में लगे हैं। जल और जीवन दोनों पर ही हमला जारी है ऐसे में यहां हरियाली की परिकल्पना भी बेमानी होगी।

शहर में नियमित तरीके से कचरा नहीं उठ पा रहा है। हर दिन 65 टन कचरा शहर के विभिन्न हिस्सों से निकलता है लेकिन नगरपालिका कचरा उठाव नहीं कर पा रही है.

> **खाली प्लाटों पर भी नहीं ध्यान**
>
> शहर में इस समय जगह-जगह खाली प्लाटों पर गंदगी नजर आ रही है, जिसमें कचरा जमा होने से मच्छर पनप रहे है, जो लोगों के लिए भी खतरा बने हुए हैं, वहीं गंदगी भी आसपास बदबू फैला रही है, जिससे रहवासी परेशान हो रहे है, लेकिन नगर पालिका इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। न तो भू-स्वामी पर कोई कार्रवाई कर रही है और न ही सफाई कराई जा रही है। जबकि लगातार लोग शिकायत भी दर्ज करा रहे हैं।

# पूर्व जिला आबकारी अधिकारी के बंद पड़े लॉकर में कुछ नहीं मिला

**▶ बेनामी संपत्ति मामले में भदौरिया पर लोकायुक्त की सख्त कार्रवाई**

नव भारत न्यूज

**इंदौर. पूर्व जिला आबकारी अधिकारी धर्मेंद्र भदौरिया के घर 15 अक्टूबर को हुई तलाशी के बाद जांच अभी भी जारी है.**

इसके तहत इंदौर के शेष बैंक लॉकर गुरुवार को खोले जाने के लिए नोटिस जारी किया था, लेकिन उनके पुत्र सूर्यांश और पुत्री अपूर्वा उपस्थित नहीं हुए. आज शुक्रवार को उनकी उपस्थिति के लिए पुन: नोटिस तामील किया जाएगा. वहीं, आरोपी धर्मेंद्र भदौरिया की मौजूदगी में ग्वालियर का लॉकर खोला, जो लंबे समय से खाली पड़ा था और इसमें कोई सामान नहीं मिला.

रिटायर्ड आबकारी अधिकारी पर लोकायुक्त की कार्रवाई का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है. इंदौर और ग्वालियर में हुई छापेमारी के बाद अब लोकायुक्त पुलिस ने उनके और परिवार के नाम पर दर्ज बैंक लॉकरों की जांच शुरू कर दी है. लोकायुक्त की नोटिस के बाद भदौरिया ग्वालियर स्थित बैंक लॉकर खुलवाने पहुंचे. जांच में पता चला कि इंदौर और ग्वालियर स्थित उनके लॉकर लंबे समय से खाली पड़े थे.

## एक नजर में

### विद्यार्थियों से मजदूरी कराने के आरोप में प्राचार्य निलंबित

मुरैना. मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के पैतृक गांव औरेठी शासकीय हाईस्कूल में निर्माण कार्य में छात्र और छात्राओं से मजदूरी कराने के आरोप में स्कूल के प्राचार्य को निलंबित करने के आदेश जारी हुए हैं. छात्र-छात्राओं सहित एक शिक्षक और शिक्षिका को स्कूल के निर्माण कार्य में मजदूरी करने का एक वीडियो गत 11 अक्टूबर को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था. वायरल वीडियो कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के संज्ञान में आया.

### पन्ना में दलित महिला की निर्मम हत्या

पन्ना. मध्यप्रदेश के पन्ना जिले के अजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बीरा ग्राम में गुरुवार को एक दलित महिला की निर्मम हत्या की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। इस घटना से पूरे इलाके में भय और दहशत का माहौल फैल गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतका रामकली कोरी अपने खेत में अकेली रहती थी। बीती रात किसी अज्ञात आरोपी ने सोते समय उसकी बेरहमी से हत्या कर दी। सुबह जब ग्रामीणों ने खेत में महिला का खून से लथपथ शव देखा तो क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही अजयगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है. पुलिस का कहना है कि हत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है.

# प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमरा गई : पटवारी

## डेढ़ साल में पुलिस पर 460 हमले

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 23 अक्टूबर. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश में कानून-व्यवस्था की लगातार बिगड़ती स्थिति और पुलिस कर्मियों पर बढ़ते हमलों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है.**



उन्होंने कहा, मध्य प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है. हालात इतने गंभीर हैं कि अब पुलिस भी सुरक्षित नहीं है — तो आम जनता का क्या हाल होगा? पटवारी ने विधानसभा में प्रस्तुत सरकारी आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि पिछले डेढ़ साल में राज्यभर में पुलिस पर 461 से अधिक हमले हुए हैं, जिनमें 612 पुलिसकर्मी घायल हुए और 5 ने अपनी जान गंवाई. उन्होंने कहा, सिर्फ अक्टूबर 2025 में ही पन्ना और कटनी जिलों में दो बड़ी घटनाएं सामने आईं, जहां गिरफ्तारी के लिए गई पुलिस पर भीड़ ने हमला किया, राइफलें लूटीं और पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हुए. उन्होंने सवाल किया, जब पुलिस ही सुरक्षित नहीं है, तो जनता कैसे सुरक्षित महसूस करेगी?

**'राजनीतिक संरक्षण प्राप्त अपराधी कर रहे हैं हमले'**

पटवारी ने आरोप लगाया कि ये हमले सामान्य अपराध नहीं हैं, बल्कि राजनीतिक संरक्षण प्राप्त अपराधियों की सुनियोजित साजिश हैं. उन्होंने कहा, पुलिस पर हमला दरअसल कानून पर हमला है. इस सरकार में कानून का शासन नहीं, बल्कि अपराधियों का शासन दिखाई दे रहा है. पटवारी ने कहा, जब औसतन हर दिन एक पुलिसकर्मी पर हमला हो रहा है, तब गृहमंत्री का पद पर बने रहना लोकतंत्र के साथ अपराध है.

> **'डबल रोल' से 'डबल डैमेज'**
>
> मुख्यमंत्री पर तंज कसते हुए पटवारी ने कहा, मुख्यमंत्री का गृह विभाग संभालने का 'डबल रोल' अब 'डबल मिस्टेक' बन गया है, जिससे कानून-व्यवस्था को 'डबल डैमेज' हुआ है. गृहमंत्री की हठधर्मिता और मुख्यमंत्री की मजबूरी ने शासन को पूरी तरह पंगु बना दिया है.

# रेलवे चलाएगा 1,500 विशेष ट्रेनें

## रेल प्रशासन ने छठ पर्व की भीड़ को देखकर लिया निर्णय

**भोपाल, 23 अक्टूबर. भारतीय रेलवे देश भर के लोगों को, खासकर त्योहारों के मौसम में, जोड़ने में अहम भूमिका निभा रही है. छठ पर्व से पहले यात्रा में तेज़ी आने के साथ, रेलवे यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है कि हर यात्री सुरक्षित और आराम से अपने गंतव्य तक पहुँचे.**

नियमित रेल सेवाओं के अलावा, अगले पाँच दिनों में औसतन 300 स्पेशल ट्रेनों के साथ 1500 स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएँगी. कुशल व्यवस्थाओं, बेहतर यात्री सेवाओं और सुविधा व देखभाल के प्रति प्रतिबद्धता के साथ, भारतीय रेलवे यह सुनिश्चित कर रही है कि त्योहारों के मौसम में हर यात्री को उसकी रेल यात्रा के दौरान अच्छी सेवाएँ मिलें. नियमित ट्रेनों के अलावा, पिछले 21 दिनों में 4,493 स्पेशल ट्रेनों, यानी औसतन 213 ट्रिप प्रतिदिन, ने यात्रियों को दिवाली के त्योहार के लिए सुरक्षित घर पहुँचने में मदद की. इस वर्ष आगामी छठ पूजा और दिवाली के मौसम में, भारतीय रेलवे त्योहारों के दौरान यात्रा करने वालों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए एक मजबूत विशेष रेलगाड़ी कार्यक्रम चला रहा है.

> यात्रियों ने इस बार मिले बेहतर अनुभव के लिए भारतीय रेलवे की सराहना की. एक यात्री ने जबलपुर रेलवे स्टेशन की स्वच्छता, सुरक्षा और समग्र रखरखाव के बारे में अपने अनुभव साझा किए और सुव्यवस्थित प्लेटफार्मों, व्यवस्थित परिसर और बेहतर स्वच्छता मानकों का उल्लेख किया. 19 अक्टूबर 2025 को, भारतीय रेलवे ने उधना स्टेशन पर 36,000 से ज़्यादा यात्रियों को सुविधा प्रदान की – जो 2024 में इसी दिन की तुलना में 50% अधिक है. सभी यात्री शाम 4 बजे तक ट्रेन में सवार हो गए और अपने परिवारों के साथ दिवाली मनाने के लिए समय पर घर पहुँच गए.

# हाई-प्रोफाइल जुआ फड़ पर छापा

## 50 लाख की संपत्ति जब्त, 24 जुआरी गिरफ्तार

छतरपुर, 23 अक्टूबर. मध्यप्रदेश में अवैध गतिविधियों के खिलाफ पुलिस का जीरो टॉलरेंस अभियान जारी है. पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा के सख्त निर्देशों के तहत पूरे प्रदेश में अपराध नियंत्रण, नशे के कारोबार, जुआ-सट्टा, अवैध खनन, अवैध शराब तथा असामाजिक तत्वों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है. इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक छतरपुर श्री अगम जैन के मार्गदर्शन में थाना सिविल लाइन पुलिस ने देरी रोड में संचालित बड़े जुआ के फड़ में छापा मार कार्रवाही की है. जिसमें जुआं खेल रहे 24 जुंवारी को गिरफ्तार कर 14,10,000 नगद राशि, 3 कार, 26 मोबाइल कुल कीमत करीब 50 लाख रुपए की संपत्ति बरामद की है. पुलिस अधीक्षक द्वारा गठित विशेष टीम ने छतरपुर जिले में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया.



**▶ रणनीति बनाकर की कार्रवाई**

थाना सिविल लाइन पुलिस को देरी रोड स्थित एक निर्माणाधीन मैरिज गार्डन में बड़े पैमाने पर जुआ खेले जाने की गोपनीय सूचना प्राप्त हुई. सूचना की गंभीरता को समझते हुए नगर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सोनी के निर्देशन में तत्काल एक रणनीति तैयार की गई. थाना प्रभारी सिविल लाइन, निरीक्षक सतीश सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए मौके पर दबिश दी. इस सुनियोजित छापे में हार-जीत का दांव लगाते हुए 24 जुआरियों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया.

# किसानों के लिए निराशाजनक दीवाली : नायक

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 23 अक्टूबर. मध्यप्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी मुकेश नायक ने राज्य सरकार की नीतियों को किसानों और आम जनता की निराशाजनक और नीरस दीवाली के लिए जिम्मेदार ठहराया है.**



प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए नायक ने कहा कि इस वर्ष देश की केवल लगभग 20 प्रतिशत जनता ने दीवाली मनाई, जबकि 80 प्रतिशत लोग केवल तमाशा देखते और हालात पर अफसोस जताते रह गए.

उन्होंने कहा कि इस बार दीवाली मनाने का कोई ठोस कारण नहीं था, क्योंकि अनेक परिवार 180 प्रति लीटर की दर से सोयाबीन तेल खरीदने में असमर्थ रहे. कई परिवारों को मजबूरन बेहद सादगी से त्योहार मनाना पड़ा. फसल खराब होने और मुआवजा न मिलने से किसानों की स्थिति और भी दयनीय हो गई है.

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के उस दावे पर सवाल उठाते हुए कि उन्होंने कृषि को लाभकारी धंधा बनाया है, नायक ने कहा कि यह वादा पूरी तरह खोखला साबित हुआ है. उन्होंने कहा कि कृषि उपकरणों और डीजल की बढ़ती कीमतें, फसलों का उचित मूल्य न मिलना और उर्वरकों की कालाबाजारी ने किसानों की कमर तोड़ दी है. नायक ने बताया कि डीएपी खाद, जिसकी सरकारी कीमत 1,350 प्रति बोरी है, वह कालाबाजारी में 2,000 से 2,500 तक बिक रही है, जबकि 267 की यूरिया 450 से 500 में मिल रही है.

> किसान घंटों कतार में लगने के बाद भी खाद नहीं पा रहे. उन्होंने कहा कि सरकार ने सोयाबीन का समर्थन मूल्य ?6,000 प्रति क्विंटल घोषित किया था, लेकिन किसानों को केवल ?2,700 से ?3,500 प्रति क्विंटल ही मिल रहा है. अत्यधिक वर्षा और पीला मोज़ेक रोग से फसल पहले ही बर्बाद हो चुकी है. भावांतर भुगतान योजना को फ्रझूठा दावाफ्र बताते हुए नायक ने कहा कि पंजीयन प्रक्रिया देर से शुरू होने के कारण 35 से 50 प्रतिशत किसान अपनी उपज पहले ही बेच चुके हैं. उन्होंने पूछा कि क्या इन किसानों को भावांतर का लाभ मिलेगा? शिवराज सिंह चौहान पर कटाक्ष करते हुए नायक ने उनके पुत्र के भव्य विवाह समारोह और हेलीकॉप्टर से कुदाल लेकर उतरने को सिर्फ दिखावा बताया.

# प्रदेश के जिलों के तापमान रहे सामान्य

## रायसेन और बैतूल में बने बारिश के आसार

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 23 अक्टूबर. मप्र में रायसेन, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, सीहोर सहित जिलों में बारिश के आसार शुक्रवार को बने रहेंगे. जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है. मौसम विभाग ने बारिश की संभावना को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया है.**



पिछले 24 घंटो के दौरान इंदौर, ग्वालियर, रीवा, जबलपुर, सागर, नर्मदापुरम संभाग के जिलों में कुछ स्थानो पर वर्षा दर्ज की गई. साथ अन्य संभागों के जिलों में मौसम शुष्क बना रहा. सभी संभागों के जिलों में अधिकतम तापमानों में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ. मौसम विभाग के अनुसार भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल संभागों के जिलों में सामान्य से 1.6एष्ट -1.7एष्ट तक कम रहा. शहडोल संभाग के जिलों में सामान्य से 2.4एष्ट तक अधिक रहा.

> शेष सभी संभागों के जिलों में सामान्य रहा. पिछले 24 घंटो में न्यूनतम तापमानों में सभी संभागों के जिलों में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ. मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक इंदौर संभाग के जिलों में सामान्य से 2.3एष्ट अधिक रहे; भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल, रीवा, जबलपुर संभागों के जिलों में सामान्य से 3.3एष्ट 4.9एष्ट तक काफी अधिक रहे; नर्मदापुरम, शहडोल, सागर संभागों के जिलों में सामान्य से 5.2एष्ट 8.3एष्ट तक विशेषरूप अधिक रहा.

# पूर्व मंत्री के बंगले में घुसे चार बदमाश

**जबलपुर.** गोरखपुर थाना अंतर्गत शास्त्री ब्रिज के पास चार बाइकों से पहुंचे चार बदमाशों ने अपने 15 गुर्गों के साथ देर रात जमकर पहले ओवर टेक कर कार करने की कोशिश की लेकिन कार नहीं रूकी. दहशत में कार चालक ने कार की रफ्तार बढ़ाई लेकिन बदमाश पीछा करते रहे और छोटी लाइन तक पहुंचे इसके बाद कार को पूर्व मंत्री के बंगले के अंदर बाऊन्ड्रीवाल के अंदर घुसा तो वहां भी गुंडे पहुंच गए और उपद्रव मचाया. पुलिस के मुताबिक शुभम पटेल निवासी फूल सागर शाही नाका गढा ने गुरूवार को रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह फिलिप कार्ड में काम करता है.

# गैस पाइप फटने एक मजदूर की मौत

## कारखाने में गैस पाइप फटने से बुरी तरह झुलस थे तीन मजदूर

**मुरैना, 23 अक्टूबर. मुरैना जिले में आठ दिन पहले एक कारखाने में गैस पाइप फटने से बुरी तरह झुलसे तीन मजदूरों में से एक की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई.**

ग्राम जड़ेरुआ स्थित पुराने टायरों से तेल निकालने वाली ग्रीनटच फैक्ट्री में गैस पाइप फटने से 16 अक्टूबर को तीन मजदूर झुलस गए थे. एक मजदूर ने कल शाम इलाज के दौरान दम तोड़ दिया,जबकि दो का इलाज जारी है. उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है. पुलिस सूत्रों के अनुसार फैक्ट्री में काम करते समय अचानक गैस पाइप फटने से तीन मजदूरों दुर्गेश, अनुपम ओर गोपी गंभीर रूप से झुलस गए थे.

**ग्वालियर से दिल्ली किया था रेफर**

**16 अक्टूबर को हुआ था हादसा**

फैक्ट्री प्रबंधन ने स्थानीय प्रशासन को बगैर बताए घायल मजदूरों को अपने स्तर पर इलाज के लिए ग्वालियर भेज दिया, जहां से दुर्गेश की स्थिति गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे दिल्ली रेफर कर दिया था. पुलिस के अनुसार कल मजदूर दुर्गेश की इलाज के दौरान दिल्ली में मौत हो गई. वहीं कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने कहा कि उन्होंने फैक्ट्री को बंद करने ओर वहां अन्य संचालित फैक्ट्रियों की जांच के लिए पॉल्यूशन बोर्ड को प्रस्ताव भेजा है.

श्रम विभाग द्वारा मृत मजदूर के परिजन को 13.75 लाख रुपए देने होंगे और घायलों का भी उचित उपचार फैक्ट्री प्रबंधन को करना होगा. कलेक्टर ने कहा कि घायल मरीज जब तक स्वस्थ न हों तब तक उन्हें फैक्ट्री प्रबंधन को पूरा वेतन देना होगा.

**जवाब तलब ▶ मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के सदस्य डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने अधिकारियों से मांगी रिपोर्ट**

# मानव अधिकार आयोग ने 8 मामलों में लिया संज्ञान

**भोपाल, 23 अक्टूबर. मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के सदस्य डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने विगत दिनों विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित प्रथम दृष्टया मानव अधिकार उल्लंघन के आठ मामलों में संज्ञान लेते हुए संबंधित जिलों के अधिकारियों से जवाब तलब किया है।**




जिसमें दीपावली पर भोपाल शहर में कैल्शियम कार्बाइड गन के कारण 125 से अधिक लोगों की आंखों की रोशनी प्रभावित होने का मामला सामने आया है। इनमें अधिकांश बच्चे हैं। इस पर आयोग ने कलेक्टर, भोपाल से जांच कराकर दो सप्ताह में प्रतिवेदन मांगा है।

वही सतना जिला अस्पताल के पीआईसीयू में भर्ती चार माह के अति गंभीर कुपोषित बच्चे की इलाज के दौरान मृत्यु होने पर आयोग ने जिला परियोजना अधिकारी, सतना से दो सप्ताह में जांच प्रतिवेदन मांगा है।

जबकि रायसेन जिले के बारना बांध के पास पुलिस छापे के दौरान एक युवक के डैम में कूदने से मौत हो गई। आयोग ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक रायसेन से मामले की जांच कर मृतक के परिजनों को नियमानुसार आर्थिक सहायता देने संबंधी रिपोर्ट दो सप्ताह में मांगी है। इसके अलावा बड़वानी जिले के सजवानी गांव में दूषित पानी पीने से दो दर्जन से अधिक ग्रामीण बीमार हो गए।

आयोग ने कलेक्टर एवं सीएमएचओ बड़वानी से दो सप्ताह में कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है तो सिवनी जिले के कुरई परिक्षेत्र के ग्राम पीपरवानी में बाघ के हमले में एक व्यक्ति घायल हो गया। इस पर आयोग ने डीएफओ, बालाघाट से एक माह में जांच रिपोर्ट मांगी है। शाजापुर जिले की ग्राम पंचायत दिल्लोद सुतारपुरा में सफाई न होने से नालियों का दूषित पानी घरों में घुस रहा है। आयोग ने कलेक्टर, शाजापुर से एक माह में कार्रवाई प्रतिवेदन मांगा है।

> तो दूसरी ओर रीवा जिले के नौबस्ता क्षेत्र में सीमेंट प्लांट की ब्लास्टिंग से आसपास के गांवों में घरों में दरारें आ गईं और प्रदूषण फैलने की शिकायतें मिलीं. आयोग ने कलेक्टर, रीवा से एक माह में जांच प्रतिवेदन मांगा है. जबकि धार जिले के केगंधवानी थाना क्षेत्र के ग्राम बिल्दा में दिवाली बाजार के दौरान आग लगने से 50 से अधिक दुकानें, तीन मकान और दर्जनों वाहन जल गए, जबकि पांच लोग झुलस गए. आयोग ने कलेक्टर, धार से एक माह में रिपोर्ट मांगी है.

# रेत माफिया ने किया सोन घड़ियाल अधीक्षक पर हमला

**सीधी.** देर रात सोन नदी के भेलकी घाट से रेत की अवैध निकासी की खबर पाकर सोन घड़ियाल अभ्यारण्य सीधी के अधीक्षक अपने अमले के साथ मौके पर पहुंचे. वहां रेत माफिया के मौजूद लोगों से पूछताछ हो रही थी, उसी दौरान एक ट्रैक्टर तेज रफ्तार में पहुंचा, उसमें भी सवार लोगों ने मिलकर गाली-गलौज करते हुये पत्थर बरसाना शुरू कर दिया. पत्थरबाजी एवं मारपीट में दो कर्मचारी चोटिल हो गये. अधीक्षक अपने अमले के साथ जमोड़ी थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करायी. रिपोर्ट में 8 नामजद आरोपियों के विरूद्ध आपराधिक मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है.

# ताप्ती तट पर भाई-बहन का अनोखा मंदिर, भाई दूज पर उमड़ती है श्रद्धालुओं की भीड़

**बैतूल, 23 अक्टूबर. मध्यप्रदेश के बैतूल जिले के खेड़ीसावलीगढ़ घाट पर ताप्ती नदी के पवित्र तट पर स्थित सूर्य परिवार मंदिर, जिसे लोग प्रेमपूर्वक भाई-बहन का मंदिर भी कहते हैं, आज भी भाई-बहन के अटूट स्नेह और पारिवारिक प्रेम की जीवंत मिसाल बना हुआ है।**

यह मंदिर देशभर में अपनी अनोखी पहचान रखता है क्योंकि यहां भगवान सूर्यनारायण अपने पूरे परिवार पत्नी संज्ञा देवी और छाया देवी, पुत्र शनि देव और यमराज, तथा पुत्री यमुना और ताप्ती देवी के साथ विराजमान हैं।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, कार्तिक मास की द्वितीया तिथि यानी भाई दूज के दिन यमराज अपनी बहनों ताप्ती और यमुना देवी से मिलने स्वयं पृथ्वी लोक पर आए थे। उसी पवित्र स्मृति में ताप्ती नदी के इस घाट पर सूर्य परिवार का यह दुर्लभ मंदिर स्थापित किया गया। माना जाता है कि इस दिन जो भाई-बहन ताप्ती नदी में स्नान कर यहां पूजा-अर्चना करते हैं, उन्हें यमराज के कष्टों से मुक्ति मिलती है और उनके जीवन में दीर्घायु, सुख और शांति बनी रहती है।

हर वर्ष दीपावली के दूसरे दिन भाई दूज के अवसर पर यह मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भर जाता है। हजारों की संख्या में भाई-बहन ताप्ती नदी में पवित्र स्नान कर सूर्य परिवार के दर्शन करते हैं। ताप्ती तट पर गूंजते भजन, आरती और शंखनाद से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर जाता है।